# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 25.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 25.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 01 वांछित 03 वारण्टी अभियुक्तों के गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री गजबये आलम व उ0नि0 श्री हर्षित मिश्रा द्वारा मु0अ0स0 620/2024 धारा 376/504/506 भादवि0 व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त इसराइल खान पुत्र सुलेमान खान निवासी को गिरफ्तार किया।

(ii). उ0नि0 श्री राजीव कुमार सिंह मय हमराही आरक्षी शुभम शर्मा द्वारा मु0नं0 32/2019 मु0अ0स0 77/2017 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के वारंटी अभियुक्त महेश यादव पुत्र माताबदल निवासी गोलतालाब थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

(iii). उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार व उनके हमराही आरक्षी अमित तिवारी द्वारा मु0अ0स0 99/2017 धारा 379/411 भादवि0 व 26, 51, 52 वन अधिनियम के वारंटी अभियुक्त लाला पुत्र छोटू निवासी टिकरिया थाना मारकुण्डी जनपद चित्रकूट हाल पता लुखरिया थाना मझगांव जिला सतना म0प्र0 को गिरफ्तार किया।

(iv). उ0नि0 श्री कुवर प्रखर व उनके हमराही आरक्षी भास्कर शुक्ला द्वारा मु0अ0स0 22/2024 धारा 323/504/506 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त श्रीचन्द्र सोनकर पुत्र इन्द्रजीत निवासी बाल्मीकि नगर कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

**(4).** पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजेश द्विवेदी के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री शैलेंद्र सिंह द्वारा यातायात माह नवम्बर-2024 के अन्तर्गत आज दिनांक 25.11.2024 को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी यातायात द्वारा विभिन्न स्कूल/कालेजों के स्काउट्स गाइड के छात्र/छात्राओं एवं अध्यापकों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया और बताया गया कि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं का एकमात्र कारण लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का अभाव एवं चालक की असावधानियां है । सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छात्र/छात्राओं एवं अध्यापकों को बिना हेलमेट दो पहिया वाहन तथा बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाने की हिदायत दी गई । सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रचलित योजना गुड सेमेरिटन तथा हिट एंड रन दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को मिलने वाली सहायता राशि के बारे में भी बताया गया तथा गुड सेमेरिटन के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने पर उसकी जान बच जाती है तो मदद करने वाला व्यक्ति गुड सेमेरिटन कहलायेगा तथा सरकार द्वारा उसको सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम के समापन के अवसर पर छात्र/ छात्राओं एवं अध्यापकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा विशाल जागरूकता रैली निकालकर पंपलेट वितरित किए गए। जनपद चित्रकूट पुलिस द्वारा सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दें। यह पहल जनपद में दुर्घटना मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।